सचिव

ई-मेल द्वारा प्राप्त

शीर्ष प्राथमिकता/आज ही/ई-मेल

संख्या-1828/आठ-6-2024

O.S.D(प्रशा)

प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,
विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
अलीगढ़, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, झाँसी, प्रयागराज एवं सोनभद्र।

2. जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी,
विनियमित क्षेत्र-अम्बेडकर नगर, सीतापुर एवं कुशीनगर।

3. आयुक्त,
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,उ0प्र0,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-6 लखनऊः दिनांक 09 सितम्बर, 2024

विषयः समूह-'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1436/आठ-6-2024 दिनांक 11.07.2024, 1421/आठ-6-2024 दिनांक 23.07.2024 एवं पत्र संख्या-1613/आठ-6-2024 दिनांक 09.08.2024 एवं पत्र संख्या-1662/आठ-6-2024 दिनांक 14.08.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित समूह-'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने विषयक अनुपालन आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदर्शित सूचना(छायाप्रति संलग्न) के अनुसार कतिपय प्राधिकरणों/कार्यालयों में Workflow जनरेशन की कार्यवाही दिनांक 09.09.2024 तक अपूर्ण है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने-अपने कार्यालय में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित कार्यरत समूह-'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने के संबंध में संलग्न सूची के अनुसार प्रदर्शित अधिकारियों में मृत/सेवानिवृत्त अधिकारियों का डाटा एन0आई0सी0 से सम्पर्क कर स्वस्तर से विलोपित कराते हुए तथा स्थानान्तरित अधिकारयों का डाटा ट्रांसफर कराते हुए Workflow जनरेशन से संबंधित कार्यवाही पूर्ण कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को प्रत्येक दशा में आज ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को उपर्युक्तानुसार समस्त अभिकरणों से समन्वय स्थापित करते हुए सूचना प्राप्त कर शासन को समेकित सूचना उपलब्ध कराने हेतु।
2. अनुभाग अधिकारी(लेखा), आवास एवं शहरी नियोजन लेखा अनुभाग।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
विशेष सचिव।

R.Draft